

विषय-संस्कृत　　पाठ- तृतीयः पाठः　　कक्षा - 4

प्रकरण-वाक्य- प्रयोगः (द्वितीयः)　　क्रमांक - 12



# मिशन शिक्षण संवाद



**विमानम् उड्डयति।** अर्थ= हवाई जहाज उड़ता है।

**इदम् उड्डयति।** अर्थ= यह उड़ता है।

---



**विमाने उड्डयतः।** अर्थ= दो हवाई जहाज उड़ते हैं।

**इमे उड्डयतः।** अर्थ= ये दोनों उड़ते हैं।

---



**विमानानि उड्डयन्ति।** अर्थ= बहुत से हवाई जहाज उड़तें हैं।

**इमानि उड्डयन्ति।** अर्थ= ये सब उड़तें हैं।

---

***शब्द अर्थ***

विमानम्- हवाई जहाज , इदम्- यह, इमे- ये दोनों, विमाने- दो हवाई जहाज, इमानि- ये सब, उड्डयति- उड़ता है, विमानानि- बहुत से हवाई जहाज ।

***उत्तरमाला क्रमांक 11***

1- इमे　　2- चलति

3- पिपीलिकाः　　4- चलतः।

***अभ्यास कार्य***

***कर्ता के स्थान पर सर्वनाम*** शब्द का प्रयोग करें --

यथा- बालकः पुस्तकम् पठति।

सः पुस्तकम् पठति।

(1)शशकः तृणं खादति।

______ तृणं खादति।

(2)वानरौ फलं खादतः।

______ फलं खादतः।

(3)छात्रा विद्यालयं गच्छति।

____ विद्यालयं गच्छति।

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- हेमलता गुप्ता　　प्रा वि मुकन्दपुर,अलीगढ़







मिशन शिक्षण संवाद

# Doctor



Raju had a very high fever. His father called the doctor. The doctor examined Raju by placing his stethoscope on Raju's chest. After that, he advised to take some medicines in the morning, in the afternoon and in the evening at regular intervals.Raju asked his father what did the doctor placed on his chest after putting one end of it into his ears. What was that and how did he come to know with it that I had fever? Seeing Raju's curiosity, his father told him that the machine whose one end the doctor had put into his ears and the other on his chest for examining is called 'stethoscope'. With the help of stethoscope, we hear the heartbeat and find out some of the diseases of chest and body. Raju said- Dad, what are the names of the equipments that the doctor had and what are their uses.



Stethoscope



Sphygmomanometer



Thermometer



Weighing Machine



Bandage

**Doctors Tools/Equipments**

1.Stethoscope(स्टैथौस्कोप)- Uses to hear the heartbeat

2.Sphygmomanometer( स्फिग्मोमैनोमीटर) -to record the blood pressure

3.Stopwatch(स्टॉपवॉच) -to record the respiratory rate.

3.Weighing machine( वेइंग मशीन )- to record weight

4.Thermometer(थर्मोमीटर)-to record temperature of the body

5.Bandage( बैंडेज)-to cover the wounded part of the body

## Home work

Q.1Whom do you go to when you fall sick ?

Q.2Complete the Following Words

(a)S_E_HOS_O_E (b)BA_D_GE

(c)ST_PW_T_H. (d)TH_RM_M_T_R

(e)WE_G_I_G M_C_I_E

**Answers of Page 11**

Ans1.Blacksmith heats the iron in furnace to make the iron objects. When the iron becomes red hot then the blacksmith moulds it into a desired shape. He makes gates, grills, railings, hoe, utensils etc. by using tools, like hammer, chisel, blower etc.

Ans 2.The person who makes your house with the help of soil, cement, grit, sand, iron, wood, etc. is called . 'mason'. The tools used by a mason to construct houses and multi-storeyed buildings are hammer, chisel, file, trowel, thread, plumb, bevel. pata, bubble level etc.

9458278429

Made by-Rashmi Tripathi Assistant Teacher Robertsganj Sonbhadra



विषय- हमारा परिवेश पाठ- कक्षा - 4

प्रकरण- हमारे पेशे व व्यवसाय क्रमांक - 12



# मिशन शिक्षण संवाद

## मोची



**हम सभी जो चप्पल, जूते पहनते हैं, उनके टूटने पर मोची उनकी मरम्मत अपने उपकरणों की सहायता से करता है। मोची के औजार हैं- कारबुट, जूता, सरोता, डेरी झबिया, शिलापंच, सुई-धागा, कुटावरी ब्रुश आदि**

## सफाईकर्मी



**सफाई कर्मी हर सुबह गली-मोहल्लों की सफाई के लिए निकल पड़ता है। वह साफ-सफाई के लिए छोटी-बड़ी विविध्ा प्रकार की झाड़ू का प्रयोग करता है। कूड़ा-कचरा उठाने के लिए उसके पास तसला, डलिया, बाल्टी आदि होती है। वह साफ-सफाई के बाद निकले कूड़े-कचरे को उचित जगह पर पहुँचाता है। वह गंदगी की सफाई करके हमें कई प्रकार के रोगों से बचाता है।**

अपने आसपास के स्थानीय व्यवसाय से जुड़े किसी भी व्यक्ति के पास जाइए, और उससे इन सवालों पर बातचीत करिए -

2- वे कौन-कौन से औजारों का उपयोग करते हैं?

2- इन औजारों को कौन और कैसे तैयार करता है?

3-ये औजार कहाँ से आते हैं?

4-वे अपने पेशे से जुड़े कामों में क्या प्रक्रियाएँ अपनाते हैं?

5-वे अपने व्यवसाय से निकले उत्पाद को बाजार तक कैसे पहुँचाते हैं?

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- कोमल सक्सैना प्रा.वि.टापा खुर्द नगर क्षेत्र फिरोजाबाद



Subject - **Maths** Chapter- **Kitna Seekha** Class - **4**

Topic - **Activity** S.N. - **12**



मिशन शिक्षण संवाद

# MATHS SNAKE AND LADDER

| | | | |
|---|---|---|---|
| 999-100= | 9999- _= 1999 | 100 = _ | WINNER |
| 100+75= | 98 < 99 < _ | 286 < _ | 75+0=0+ _ |
| 90+75= | 300+20+4= | 900+10= | 65+6=6+ _ |
| 9+9= _ | 26 > _ > 24 | 77=70+ _ | _ +9=10 |
| 87 _ 21 | 872=800+ _ + 2 | 986 - _=900 | 10 _ 10 |
| 100+ _ =999 | _ 28 _ | 18 _ 12 | 9 + 0=0+_ |
| 1000- _ =99 | _ < 67 < 68 | 12-0 = | 98 _ 99 |
| 43= _ +3 | 45+144=144+ _ | 20 + 2 = | 6+ _ = 12 |
| 12+2= | 800+40= | 50 -6 = | 77+ _ =79 |
| START | 5 _ 8 | 6+1=1+ _ | 875 +1 =_ |

**Answer (s.no.11 )**

1) 162,522
2) 10,730

Made by- **Sugandha Agrawal, (A.T.),EMPS,DOHA,Distt-BANDA** 9458278429



**विषय-** गणित **पाठ-** 3 **कक्षा -** IV

**प्रकरण-** संख्याओं का जोड़ **क्रमांक-** 12



# मिशन शिक्षण संवाद

## *आओ सीखें जोड़*

आओ बच्चों आज हम हज़ार तक की संख्याओं को जोड़ना सीखें। जोड़ हमें वैसे ही करना है जैसे सैंकड़ें तक का जोड़ आप लोग करते हैं बस अब सैंकड़ें को जोड़ने से जो हज़ार आएगा,वो हज़ार में जोड़ना है।

उदाहरण:-

रानी आज बाज़ार से ₹ 9807 का सामान लाई व राजू ने ₹ 6848 का सामान खरीदा। उन्होंने कुल कितने का सामान खरीदा? कुल संख्या हम संख्याओं को जोड़ कर निकालते हैं। आइये जाने कि उन्होंने कितने का सामान खरीदा:-

जोड़ने का तरीका

```
    9  8  0  7
 +  6  8  4  8
 -------------
             ¹5
```
सबसे पहले इकाई को जोड़ा

```
    9  8  0  7
 +  6  8  4  8
 -------------
         (+1)  5
```
अब दहाई को जोड़ा। इकाई से मिले दहाई अंक को भी दहाई में जोड़ा

```
    9  8  0  7
 +  6  8  4  8
 -------------
      ¹6  5  5
```
अब सैंकड़ें को जोड़ा।

```
    9  8  0  7
 +  6  8  4  8
 -------------
 1 (+1) 6  5  5
```
अब हज़ार को जोड़ा। सैंकड़ें से मिले हज़ार के अंक को भी हज़ार में जोड़ा।

```
    9  8  0  7     योज्य
 +  6  8  4  8     योज्य
 -------------
 16  6  5  5       योगफल
```

*उत्तरमाला (पृ०सं०11)*

1) (क) गलत (ख) सही (ग) सही (घ) गलत

2) 4001, 8000, 1567, 5061, 3006

## *अभ्यास कार्य*

1) निम्नलिखित संख्याओं को जोड़े:-

```
  3456      4578
 +6780     +1654
 -----     -----
 10236      6232
```

2) एक गोदाम में 48223 चावल की और 19428 गेहूँ की बोरियाँ हैं। बताओ गोदाम में कुल कितनी बोरियाँ हैं ?

चावल की बोरियाँ = 48823

गेहूँ की बोरियाँ = 19428

कुल बोरियाँ = 68251

3) 6 अंकों की सबसे छोटी और 5 अंकों की सबसे बड़ी संख्या का योगफल ज्ञात करो।

6 अंकों की सबसे छोटी संख्या = 100000

5 अंकों की सबसे बड़ी संख्या = + 99999

योगफल = 199999

## *गृहकार्य*

1) निम्न संख्याओं को जोड़ें:-

```
  3456     9999     6009
 +2468    +5432    +8567
 [    ]   [    ]   [    ]
```

2) एक न्याय पंचायत में कुल 23670 पुरुष, 22890 महिलाएँ और 14072 बच्चे रहते हैं। न्याय पंचायत की कुल जनसंख्या कितनी है ?

3) एक परीक्षा में 81790 छात्राएँ और 75896 छात्र सम्मिलित हुए। कुल कितने परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी ?

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- दीप्ती

# मिशन शिक्षण संवाद

व्यायाम में अरुचि का दूसरा कारण था। पिता जी की सेवा करने की तीव्र इच्छा। स्कूल बंद होते ही घर जाकर उनकी सेवा में लग जाता। व्यायाम अनिवार्य होने से इस सेवा में विघ्न पढ़ने लगा। मैंने पिता जी की सेवा के लिए व्यायाम से छुटकारा पाने का प्रार्थना पत्र दिया। पर हेड मास्टर साहब कब छोड़ने वाले थे।

एक शनिवार को स्कूल सवेरे का था। शाम को 4 बजे व्यायाम के लिए जाना था। मेरे पास घड़ी न थी। आकाश में बादल थे, इससे समय का पता ना चला। बादलों से धोखा खा गया। जब पहुंचा तो सब जा चुके थे। दूसरे दिन मुझसे कारण पूछा गया। मैंने जो बात थी, बता दी। उन्होंने उसे नहीं माना और मुझे एक या दो आना, ठीक याद नहीं कितना दंड देना पड़ा। मैं झूठा बना। मुझे भारी दुख हुआ। मैं झूठा नहीं हूं यह कैसे सिद्ध करूं। कोई उपाय नहीं था मैं मन मार कर रह गया। बाद में समझा कि सच बोलने वाले को असावधान भी नहीं रहना चाहिए । —मोहनदास करमचंद गांधी

***शब्द अर्थ—***

अप्रसन्न - नाराज
सत्यवादी - सत्य बोलने वाला
अनिवार्य - जो टाला ना जा सके
बहँगी - कांवर
असह्य -जो सहन करने योग्य ना हो
गर्व - अभिमान
अरुचि - रुचि ना होना
बाइस्कोप - तस्वीर दिखाने वाला एक यंत्र

***भावार्थ—*** इस अनुच्छेद में गांधी जी ने बताया की उन्हें व्यायाम में अरुचि थी। इसका कारण था कि वह अपने पिताजी की सेवा करना चाहते थे। व्यायाम के कारण उन्हें पिता की सेवा करने का कम समय मिलता था। एक घटना गांधीजी बताते हैं कि एक बार उन्हें चार बजे व्यायाम के लिए जाना था। लेकिन उनके पास घड़ी नहीं थी और आसमान में बादल थे। इसलिए उन्हें समय का पता ना चला और वह देर से पहुंचे। जिसके कारण उनको दंड मिला। उन्हें इस बात का बहुत दुख हुआ कि वो झूठे बने। उन्हें यह समझ नहीं आ रहा था कि वह अपनी सच्चाई कैसे सिद्ध करें। तब उन्होंने यह कहा कि सच बोलने वाले को असावधान भी नहीं रहना चाहिए।

***अभ्यास प्रश्न***

1- व्यायाम में गांधीजी की अरुचि का दूसरा क्या कारण था?
2 - गांधी जी को समय का पता क्यों ना चल सका?
3 - गांधी जी को किस बात का भारी दुख हुआ?

## उत्तरमाला—क्रमांक-11

1- गांधीजी ने सैर करने के बारे में पढ़ा था, कि खुली हवा में घूमना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है।
2- सुलेख शिक्षा का एक जरूरी अंग है।
3- गांधीजी के हेड मास्टर ने कक्षाओं के लिए व्यायाम और क्रिकेट अनिवार्य कर दिए थे।

9458278429
निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- पूनम गुप्ता-अलीगढ़ एवं जितेंद्र- बागपत



Subject – ENGLISH   Chapter-3 (MAGIC WORDS) Class – 4

Topic – LEARNING MORAL VALUES   S.N. – 12



# मिशन शिक्षण संवाद

Meethi : Yes, of course. Where is my picture book, Ekta?

Ekta : I am ***sorry***. I left it at home. I will bring it tomorrow.

Ravi : Yesterday, I made a mistake. I uprooted a new sapling. What would the teacher say?

Meethi : Our teacher is very kind. If you say *sorry* to him, he would forgive you.

Ravi : ***Thank you***, Meethi for giving me such a good advice.

| शब्द | अर्थ | Word | Meaning | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| yes | हाँ | Tomorrow | आने वाला कल | uprooted | जड़ से उखाड़ना |
| of course | जरूर | left | छोड़ दिया | sapling | छोटा पौधा |
| Where | कहाँ | home | घर | forgive | माफ करना |
| picture | चित्र | bring | लाना | kind | दयालु |
| Sorry | दुखी | mistake | गलती | advice | सलाह |

गलती तो हम सभी से हो जाती है न। रवि से भी हो गई कुछ गलती। आइये जानते हैं कि रवि से क्या गलती हुई और मीठी ने उसे क्या अच्छी सलाह दी–

मीठी : हाँ जरूर। एकता मेरी चित्रों की किताब कहाँ है?

एकता : मुझे दुख है कि मैं उसे घर छोड़ आई। मैं उसे कल ले आऊँगी।

रवि : कल मैंने एक गलती कर दी। मैंने एक नए छोटे पौधे को जड़ से उखाड़ दिया। अध्यापक क्या कहेंगे?

मीठी : हमारे अध्यापक बहुत दयालु हैं। यदि तुम क्षमा माँग लो तो वह तुम्हें माफ कर देंगे।

रवि : इतनी अच्छी सलाह देने के लिए, धन्यवाद मीठी।

मेरी रेलगाड़ी को देखकर आप 6 डिब्बों वाली एक रेलगाड़ी बनाइये और उसमें MAGIC WORDS लिखकर रंग भरिये।




9458278429

prepared by- SHALINI KUSHWAHA (P.S. RASOOLABAD CHAYAL KAUSHAMBI)

# मिशन शिक्षण संवाद

## घर

वह स्थान जहाँ हम रहते हैं, हमारा घर (आवास) कहलाता है।घरहमेंसर्दी, गर्मी, वर्षाआदि से सुरक्षा प्रदान करता है। एक समय ऐसा भी था, जब मनुष्य के पास आज की भाँति रहने के लिए घर नहीं थे। वे पेड़ की शाखाओं, घनी झाड़ियों तथा गुफाओं में रहते थे। समय के साथ मनुष्य के रहन-सहन और खान-पान के तरीकों में बदलाव आया। पहले लोग मिट्टी से बने कच्चे घरों में रहते थे। इस तरह के घर की दीवारें मिट्टी से बनाई जाती थीं। घर की छत बनाने के लिए लकड़ी के फट्टे जोड़कर बनाए गए ढाँचे को चारों दीवार पर टिका दिया जाता था। बाद में उसे मिट्टी से लेप दिया जाता था। कहीं-कहीं पर घर की छत बनाने में खप्पर, नरिया, बाँस, घास-फूस आदि का भी उपयोग किया जाता था। इस प्रकार बने घर की फर्श पर मिट्टी में गोबर मिलाकर उसकी लिपाई की जाती थी। कुछ लोग घर बनाने में केवल घास-फूस तथा बाँस-बल्ली आदि का ही उपयोग करते थे। ऐसे घर को झोपड़ी कहा जाता है।

### यह भी जानें

**प्रधानमंत्री आवास योजना** भारत में सरकार द्वारा शुरू की गई स्कीम है, जिसका उद्देश्य कमजोर आय वर्ग के लोगों को शहरी और ग्रामीण इलाकों में सस्ते घर उपलब्ध करवाना है. ... यानी घर खरीदने के लिए होम लोन पर ब्याज सब्सिडी प्रदान की जाती है. यह सब्सिडी अधिकतम 2.67 लाख रुपये तक हो सकती है. यह केंद्र सरकार द्वारा स्पांसर्ड स्कीम है.।

## अभ्यास कार्य

### कच्चा घर



### पक्का घर



प्रश्न 1)आप अपने आस-पास किस तरह के घर देखते हैं?

प्रश्न 2)आपका घर पक्का है या कच्चा है?

प्रश्न 3) कच्चा घर किन चीजों से मिलकर बनता है?

प्रश्न 4) पक्का घर किन चीजों से मिलकर बनता है?

प्रश्न 5) प्रधानमंत्री आवास योजना क्या है?

9458278429
निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- ऋचा सिंह प्रा० वि० गंगपुर चकबदा कानपुर नगर

# BLACKSMITH






Blacksmith heats the iron in furnace to make the iron objects. When the iron becomes red hot then the blacksmith moulds it into a desired shape. He makes gates, grills, railings, hoe, utensils etc. by using tools, like hammer, chisel, blower etc.

Visit a blacksmith with your elders and observe the things being made by him and make a list of the tools that he uses for making objects.




# MASON





The person who makes your house with the help of soil, cement, grit, sand, iron, wood, etc. is called . 'mason'. The tools used by a mason to construct houses and multi-storeyed buildings are hammer, chisel, file, trowel, thread, plumb, bevel. pata, bubble level etc.




## Home work

Q.1Write the work done and objects made by them? Write which tools they used?

1.Blacksmith

2.Mason.

**Answers of Page 10**

Ans 1.The tools of the tailor are- scissors, sewing machine, measuring tape, needle, thread, buttons etc.

Ans2 Children you must have seen many dresses stitched by tailor you can write School uniform,frock, Skirt,Shirt,Pant ,Salwar Kameez etc



Subject - **Maths** Chapter-**Subtraction** Class - 4

Topic - **Word Problems on Subtraction** S.N. - **11**




मिशन शिक्षण संवाद

**Example:**

**Jessica has 1135 beads. 604 beads are red and the rest are blue. How many blue beads does she have?**

**Solution:**




**1135 – 604 = 531**

**She has 531 blue beads.**

**Example:**

**The price of a car is ₹2795 and the price of a motorbike is ₹1063. What is the difference between the prices of the 2 vehicles?**

**Solution:**




**2795 – 1063 = 1732**

**The difference between the prices of the 2 vehicles is ₹1732.**

**Radha had 3 apples. She ate 1 of them. How many apples are left?**




**2 apples are left, Hence 3 - 1 = 2**

## PRACTICE WORK

**1) The Total population of a city is 756872. Out of which 365222 are males, 229128 are females and the remaining are children. How many children are there in the city?**

**2) Mohan had ₹95490. He bought a buffalo for ₹54760 and a cow for ₹30000. How much money is left with him?**

**We have learnt**
- **Minuend - Subtrahend=Difference**

**or**

**Minuend =Subtrahend + Difference**
- **To frame and solve word problems with the given numbers.**

**Answer (s.n. 10)**

**1) 22004 2) 5465**
**3) 27341 4) 51919**

9458278429
Made by- Sugandha Agrawal (A.T.), EMPS, Doha, Distt-BANDA

विषय-संस्कृत पाठ- तृतीयः पाठः कक्षा - 4

प्रकरण-वाक्य- प्रयोगः (द्वितीयः) क्रमांक - 11

## मिशन शिक्षण संवाद




पिपीलिका चलति। अर्थ= चींटी चलती है।

इयं चलति। अर्थ= यह चलती है।



पिपीलिके चलतः। अर्थ= दो चीटियां चलती है।

इमे चलतः। अर्थ= ये दौनों चलती हैं।



पिपीलिकाः चलन्ति। अर्थ= बहुत सी चीटियां चलती हैं।

इमाः चलन्ति। अर्थ= ये सब चलती हैं।

***शब्द अर्थ***

पिपीलिका- चींटी, इयं- यह, इमे- ये दौनों, पिपीलिके- दो चीटियां, इमाः- ये सब, चलति- चलती है, पिपीलिकाः- बहुत सी चीटियां।

***उत्तरमाला क्रमांक 10***

1- इमौ 2- धावन्ति

3- धावति 4- मृगाः

***अभ्यास कार्य***

दिये गये शब्दों से रिक्त स्थान भरिये-

***पिपीलिकाः, इमे, चलति, चलतः।***

1- ________ चलतः।

2- पिपीलिका ________।

3- ________ चलन्ति ।

4- पिपीलिके ________।

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- हेमलता गुप्ता प्रा वि मुकन्दपुर,अलीगढ़

मैंने पुस्तकों में पढ़ा था कि खुली हवा में घूमना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। यह बात मुझे अच्छी लगी, तभी से मैंने सैर करने की आदत डाल ली। इससे मेरा शरीर मजबूत हो गया एक भूल की सजा में आज तक पा रहा हूं। पढ़ाई में अक्सर अच्छे होने की जरूरत नहीं, यह गलत विचार मेरे मन में इंग्लैंड जाने तक रहा। आगे चलकर दूसरों के मोती जैसे अक्षर देखकर मैं बहुत पछताया मैंने देखा कि अक्षर बुरे होना अपूर्ण शिक्षा की निशानी है बाद में मैंने अपने अक्षर सुधारने का प्रयत्न किया परंतु पके घड़े पर कहीं मिट्टी चढ़ सकती है? सुलेख शिक्षा का एक जरूरी अंग है उसके लिए चित्रकला सीखनी चाहिए। बालक जब चित्रकला सीखकर चित्र बनाना जान जाता है, तब यदि अक्षर लिखना सीखे तो उसके अक्षर मोती जैसे हो जाते हैं। अपने आचरण की तरफ मैं बहुत ध्यान देता था। इसमें यदि कोई भूल हो जाती तो मेरी आंखों में आंसू भर आते। मेरे हाथों कोई ऐसा काम हो जिसके लिए शिक्षक मुझे दंड दे, तो यह मेरे लिए असह्य था। मुझे याद है कि एक बार मुझे मार खानी पड़ी थी। मुझे मार खाने का दुख न था, पर मैं दंड का पात्र समझा गया इस बात का बहुत दुख था। यह बात पहली या दूसरी कक्षा की है दूसरी बात सातवीं कक्षा की है। उसमें हेड मास्टर का अनुशासन रखते थे फिर भी विद्यार्थियों के लिए प्रिय थे वे स्वयं ठीक काम करते और दूसरों से भी ठीक काम लेते थे।

दूसरी बात सातवीं कक्षा की है। उस समय हेडमास्टर कड़ा अनुशासन रखते थे फिर विद्यार्थियों के लिए प्रिय थे वे स्वयं ठीक काम करते और दूसरों से भी ठीक काम लेते ये। पढ़ाते अच्छा थे। उन्होंने ऊपर की कक्षा के लिए व्यायाम और क्रिकेट अनिवार्य कर दिए थे। मेरा मन इन चीजों में न लगता था। अनिवार्य होने से पहले में कभी व्यायाम करने क्रिकेट या फुटबाल खेलने गया ही नहीं था। वह न जाने में मेरा संकोची स्वभाव भी कारण था। अब में वह देखता हूँ कि व्यायाम के प्रति अरुचि मेरी गलती थी।उस समय मेरे मन गलत विचार घर किए हुए था कि व्यायाम का शिक्षण के साथ कोई संबंध नहीं है।बाद में समझा कि पढ़ने के साथ-साथ व्यायाम करना भी बहुत जरूरी है।

भावार्थ – इसे अनुच्छेद में गांधी जी ने यह बताया है कि सैर करना स्वास्थ्य के लिए कितना लाभकारी होता है। उन्होंने यह भी बताया है कि पढ़ाई में होशियार होने के साथ-साथ लेख भी सुंदर होना जरूरी होता है और लेख सुंदर करने के लिए चित्रकला सीखनी चाहिए। गांधीजी इस अनुच्छेद में यह भी बताते हैं कि जब उन्हें शिक्षक दंड देते थे तो उन्हें बहुत दुख होता था। उन्होंने अपने बचपन के बारे में बताते हुए कहा है कि उनके हेड मास्टर कड़ा अनुशासन रखते थे और उन्होंने क्रिकेट और व्यायाम कक्षा के बच्चों के लिए जरूरी कर दिया था। बाद में गांधी जी ने यह समझा कि व्यायाम करना भी बहुत जरूरी है।

:– इस अनुच्छेद को पढ़कर एक पेज सुलेख लिखें।

अभ्यास प्रश्न–

1- गांधी जी ने सैर करने के बारे में क्या पढ़ा था ?

2- शिक्षा का एक जरूरी अंग क्या है?

3- गांधी जी के हेड मास्टर ने कक्षा के लिए क्या अनिवार्य किया था?

**उत्तरमाला क्रमांक 10–**

1-गांधी जी के पिताजी का नाम करमचंद गांधी था।

2- गांधी जी की माता जी धार्मिक विचारों की महिला थी।

3- गांधी जी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को हुआ था।

4-गांधी जी ने बचपन में श्रवण-पित्रभक्ति नामक पुस्तक पढ़ी थी।

5- गांधी जी ने बचपन में सत्य हरिश्चंद्र नाटक देखा था।



# मिशन शिक्षण संवाद

| | | |
|---|---|---|
| Ekta | : | *Excuse me*, Is this your box, Meethi? |
| Meethi | : | Yes, it is mine. |
| Ekta | : | Would you *please* show me your storybook? |
| Meethi | : | *Pardon*! |
| Ekta | : | Would you *please* show me your storybook? |

| Word | Meaning |
|---|---|
| Excuse me | माफ करना |
| mine | मेरा |
| show | दिखाना |
| storybook | कहानी की किताब |
| pardon | माफी चाहूँगी |

कल हमने पढ़ा कि मीठी और कबीर एक दूसरे से बातें कर रहे हैं और इन बातों के बीच वे जादुई शब्दों जैसे नमस्ते, धन्यवाद, कृपया, स्वागत है तथा माफ कीजिएगा आदि शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं जिससे उनकी भाषा शैली बहुत ही सुंदर लग रही है। आइये उनके बारे में आगे और जानते हैं–

| | | |
|---|---|---|
| एकता | : | माफ करना, मीठी क्या यह तुम्हारा बक्सा है? |
| मीठी | : | हाँ यह मेरा बक्सा है। |
| एकता | : | कृपया, क्या तुम मुझे अपनी कहानी की किताब दिखाओगी ? |
| मीठी | : | माफ करना मैंने सुना नहीं। |
| एकता | : | कृपया, क्या तुम मुझे अपनी कहानी की किताब दिखाओगी ? |







Everyone loves a polite kid.

विषय- गणित पाठ- 2 कक्षा - IV

प्रकरण- पुनरावृत्ति क्रमांक- 11

# मिशन शिक्षण संवाद

## पुनरावृत्ति

***आरोही क्रम***:- संख्याओं को उनके छोटे से बड़े क्रम में लगाना, आरोही क्रम कहलाता है।

***अवरोही क्रम***:- संख्याओं को उनके बड़े से छोटे क्रम में लगाना, अवरोही क्रम कहलाता है।

***अनुवर्ती संख्या***:- किसी भी संख्या के ठीक आगे की संख्या,उसकी अनुवर्ती संख्या कहलाती है।

***पूर्ववर्ती संख्या***:- किसी भी संख्या के ठीक पहले की संख्या, उसकी पूर्ववर्ती संख्या कहलाती है।

## गतिविधि




1) ऊपर बने पेडों को उनके आरोही क्रम में लगाइये।

2) 9645 की अनुवर्ती व पूर्ववर्ती संख्या लिखिये।

3) निम्न पेड़ों में सबसे छोटी संख्या को लिखिये व उसके अंकों का प्रयोग करते हुए छोटी संख्या बनाइये।

4) पेड़ों में सुंदर रंग भरिये।

## अभ्यास कार्य

1) निम्न संख्याओं को अवरोही क्रम में लिखिये:-

4567,9874,2000,4578,4467

अवरोही क्रम- 9874 > 4578 > 4567> 4467 > 2000

2) रंगीन संख्या की पूर्ववर्ती व अनुवर्ती संख्या बताइये:

| | | |
|---|---|---|
| 2368 | 2369 | 2370 |
| 4998 | 4999 | 5000 |
| 6444 | 6445 | 6446 |

3) 1,9,0,4,7 से बनने वाली सबसे छोटी व सबसे बड़ी संख्या लिखिये:-

छोटी संख्या:- 10479

बड़ी संख्या :- 97410

4) संख्याएँ देखिए व उचित चिह्न लगाइये (<,>,=)

4987 (>) 3678 5343 (=) 5343

8698 (<) 9876 2000 (<) 2100

## गृहकार्य

1) सही व गलत बताइये:-

(क) 2345 की अनुवर्ती संख्या 2344 है ( )

(ख) 4,5,0,2 अंकों से बनने वाली सबसे छोटी संख्या 2045 होगी। ( )

(ग) 1000 की पूर्ववर्ती संख्या 999 है। ( )

(घ) संख्याओं को उनके घटते क्रम में लगाना अवरोही क्रम कहलाता है। ( )

2) संख्याओं की अनुवर्ती संख्या लिखिये:-

4000 ______
7999 ______
1566 ______
5060 ______
3005 ______

उत्तरमाला (पृ०सं०10)

(1) 2346 (2) 7999 (3) 1 जोड़ेंगे

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- दीप्ती






# Subtraction

**In maths, to subtract means to take away from a group or a number of things.**
**When we subtract, the number of things in the group reduce or become less.**
**The minuend, subtrahend and difference are parts of a subtraction problem.**

**In the subtraction problem, 7 – 3 = 4, the number 7 is the minuend, the number 3 is the subtrahend and the number 4 is the difference.**

**Here's another example of a subtraction problem.**




## Practice Work

**Solve:-**

**1)** 34567 − 12563 = ---------

**2)** 53286 − 47821 = ---------

**3)** 89402 − 62061 = ---------

**4)** 62890 − 10971 = ---------

**Solve: 74834 - 38915**

**Line up the number according to place value.**
**In the ONES column the number to be subtracted is greater so REGROUP as 2 TENS 14 ONES.**

| Tth | Th | H | T | O |
|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | $^{2}\not{3}$ | $^{1}4$ |
| -3 | 8 | 9 | 1 | 5 |
| | | | | 9 |

**Subtract the TENS column.**

| Tth | Th | H | T | O |
|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | $^{2}\not{3}$ | $^{1}4$ |
| -3 | 8 | 9 | 1 | 5 |
| | | | 1 | 9 |

**REGROUP to subtract the numbers in the HUNDREDS column.**

**3 THOUSANDS 18 HUNDREDS**

| Tth | Th | H | T | O |
|---|---|---|---|---|
| 7 | $^{3}\not{4}$ | $^{1}8$ | $^{2}\not{3}$ | $^{1}4$ |
| -3 | 8 | 9 | 1 | 5 |
| | | 9 | 1 | 9 |

**REGROUP to subtract the numbers in the THOUSANDS column.**

**6 TEN THOUSANDS 13 THOUSANDS**

| Tth | Th | H | T | O |
|---|---|---|---|---|
| $^{6}\not{7}$ | $^{13}\not{4}$ | $^{1}8$ | $^{2}\not{3}$ | $^{1}4$ |
| -3 | 8 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 9 |

**Answer: 35919**
**We can subtract from a place with a zero. Just remember to REGROUP the next place to the left**

## Answer (S.N. 9)

**1) 89** **2) 46**



Subject - ENGLISH Chapter-3 (MAGIC WORDS) Class - 4

Topic - LEARNING MORAL VALUES S.N. - 10



# मिशन शिक्षण संवाद

## MAGIC WORDS INTRODUCTION (जादुई शब्द परिचय)




(The bell rings for the morning assembly. After the assembly, Meethi enters the classroom.)

Kabir : ***Hello***, Meethi

Meethi : ***Hello*** Kabir! How are you?

Kabir : I'm fine, ***thank you***. Yesterday I was absent. I could not do my homework. Would you ***please*** give me your notebook?

Meethi : Oh, sure! ***Please*** take it.

Kabir : ***Thank you***, Meethi.

Meethi : ***Welcome***, Kabir.

| Word | Meaning | शब्द | अर्थ | Word | Meaning | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| bell | घंटी | classroom | कक्षा | Yesterday | बीता हुआ कल | give | देना |
| rings | बजती है | Hello | नमस्ते | absent | अनुपस्थित | notebook | कॉपी |
| morning | सुबह | How | कैसे | could | सका | oh! | अरे! |
| after | के बाद | fine | अच्छा | do | करना | sure | अवश्य |
| enters | प्रवेश करती है | Thank you | धन्यवाद | homework | गृहकार्य | take | लो, लेना |

जब कोई आपके साथ कुछ अच्छा करता है तो आप उससे क्या कहते हैं? जब आपसे कुछ गलती हो जाती है तो आप क्या कहते हैं? इसी प्रकार की कुछ और भी स्थितियों में हम कुछ विशेष शब्दों का प्रयोग करते हैं। आइये उनके बारे में जानते हैं–

(सुबह की प्रार्थना के लिए घंटी बजती है। प्रार्थना के बाद, मीठी कक्षा में प्रवेश करती है)

कबीर : नमस्ते, मीठी।

मीठी : नमस्ते कबीर! तुम कैसे हो?

कबीर : मैं अच्छा हूँ, धन्यवाद। कल मैं अनुपस्थित था। मैं अपना गृहकार्य नहीं कर सका। क्या तुम कृपया अपनी कॉपी मुझे दे दोगी?

मीठी : अरे, जरूर! कृपया यह लो।

कबीर : धन्यवाद, मीठी।

मीठी : तुम्हारा स्वागत है, कबीर।

9458278429

prepared by- SHALINI KUSHWAHA (P.S. RASOOLABAD CHAYAL KAUSHAMBI)

# Tailor




Children Tailor stitches beautiful clothes for us.

The clothes which you wear are stitched using hands and machine. The person who stitches clothes is called 'tailor'. The tools of the tailor are- scissors, sewing machine, measuring tape, needle, thread, buttons etc.

## TOOLS





Different Types of Stitched Clothes






## School Uniform

# Home work

Q.1 Which tools is used by a tailor?

Q.2 Write the name of two dresses which you have seen stitched by the tailor?

**Answers of Page 9**

I hope children you all have done given activity of drawing earthen pots, pitcher , earthen lamps etc.Please share your beautiful drawing with us.

**Word Meaning**

1.Sewing Machine सिलाई मशीन
2.Measuring Tape नापने का फीता
3.Thread धागा
4.Needle सुई
5.Scissors कैंची
6.Stitch सिलाई करना, टांकना


9458278429

Made by- Rashmi Tripathi Assistant Teacher Robertsganj Sonbhadra

new text



1455

विषय- गणित                पाठ- 2                कक्षा - IV

प्रकरण- संख्याओं की तुलना                क्रमांक - 10



# मिशन शिक्षण संवाद

## अनुवर्ती एवं पूर्ववर्ती संख्या

किसी भी संख्या के ठीक आगे वाली संख्या,उस संख्या की अनुवर्ती संख्या होती है। ऐसे ही किसी संख्या के ठीक पहले वाली संख्या, उस संख्या की पूर्ववर्ती संख्या होती है।

किसी भी संख्या की अनुवर्ती संख्या निकालने के लिए उस संख्या में एक जोड़ दें तथा पूर्ववर्ती संख्या निकालने के लिए एक घटा दें।

उदाहरण:-

आइये अब निकालें अनुवर्ती संख्या व पूर्ववर्ती संख्या

1) 4326
अनुवर्ती संख्या- 4327
पूर्ववर्ती संख्या- 4325

2) 6000
अनुवर्ती संख्या- 6001
पूर्ववर्ती संख्या- 5999

### गतिविधि

अपने घर के सभी सदस्यों के जन्म के वर्ष (साल) लिखिये उसके बाद उन सभी की अनुवर्ती संख्या व पूर्ववर्ती संख्या लिखिये।

उदाहरण:

हरीश का जन्म 2012 में हुआ तो 2012 की अनुवर्ती संख्या होगी 2013 व पूर्ववर्ती संख्या होगी 2011

ऐसे ही आप घर के सभी सदस्यों के साथ कीजिये।

### अभ्यास कार्य

निम्न संख्याओं की अनुवर्ती व पूर्ववर्ती संख्या लिखिये:-

| पूर्ववर्ती संख्या | | अनुवर्ती संख्या |
|---|---|---|
| 1455 | 1456 | 1457 |
| 6698 | 6699 | 6700 |
| 3999 | 4000 | 4001 |
| 9869 | 9870 | 9871 |

### गृहकार्य

💥सही विकल्प पर गोला लगाइये:-

1) 2345 की अनुवर्ती संख्या:-
(क) 2347 (ख) 2344 (ग) 2346

2) 8000 की पूर्ववर्ती संख्या:-
(क) 8001 (ख) 7999 (ग) 8002

3) अनुवर्ती संख्या निकालने के लिए किसी भी संख्या में-
(क 1 जोड़ेंगे (ख) वही संख्या रहेगी (ग) 1 घटाएँगे

### उत्तरमाला (पृ०सं०9)

1- (क) 500<624<709<818<912

(ख) 4578<4663<5000<6655<9210

2-8777>8115>5335>5003>4322>3770>3245>2255>1120>1000

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- दीप्ती

# मिशन शिक्षण संवाद

राजू को बहुत तेज बुखार था। उसके पापा डॉक्टर को लेकर आए। डॉक्टर ने राजू के सीने पर अपना आला (स्टैथस्कोप) रखकर जाँच की। उसके बाद कुछ दवाइयाँ सुबह, दोपहर एवं शाम को नियमित समय पर लेने की सलाह दी।

डाक्टर ने अपने कान से लगा कर जो मशीन राजू के सीने पर रखकर जाँच की थी उसे स्टैथस्कोप कहते हैं। स्टैथस्कोप की सहायता से दिल की धड़कन सुनते हैं और सीने एवं शरीर की कुछ बीमारियों का पता लगाते हैं।

| | |
|---|---|
| स्टैथोस्कोप | दिल की धडकन सुनने के लिये किया जाता है। |
| स्टॉपवाच | श्वसन दर रिकार्ड करने के लिये किया जाता है। |
| वजन मशीन | वजन रिकॉर्ड करने के लिये किया जाता है। |
| रक्तचाप मीटर | रक्त के दबाब को रिकॉर्ड करने के लिये किया जाता है। |
| थर्मामीटर | शरीर का तापमान रिकॉर्ड करने के लिये किया जाता है। |
| पट्टी | शरीर में चोट लगे भाग को ढकने के लिये किया जाता है। |

## * करके देखे

दिल की धड़कन की गति आप भी पता कर सकते हैं। यदि आप 50-100 मीटर तेजी से दौड़ें। अब सीने पर हाथ रखें, आपको अपने दिल की धड़कन तेज सुनाई देगी।

9458278429
निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- कोमल सक्सैना प्रा.वि.टापा खुर्द,नगर क्षेत्र



विषय-संस्कृत पाठ- तृतीयः पाठः कक्षा - 4

प्रकरण-वाक्य- प्रयोगः (द्वितीयः) क्रमांक - 10



## मिशन शिक्षण संवाद



**मृगः धावति।** अर्थ= हिरण दौड़ता है।

**अयं धावति।** अर्थ= यह दौड़ता है।

---



**मृगौ धावतः।** अर्थ= दो हिरण दौड़ते हैं।

**इमौ धावतः।** अर्थ= ये दौनों दौड़ते हैं।

---



**मृगाः धावन्ति।** अर्थ= बहुत से हिरण दौड़ते हैं।

**इमे धावन्ति।** अर्थ= ये सब दौड़ते हैं।

---

### शब्द अर्थ

मृगः- हिरण, अयं- यह, इमौ- ये दौनों, मृगाः- बहुत से हिरण, इमे- ये सब, धावन्ति- दौड़ते हैं।

### अभ्यास कार्य

दिये गये शब्दों से रिक्त स्थान भरिये-

*धावति, इमौ, मृगाः, धावन्ति*

1-____________ धावतः।

2- इमे ____________।

3- अयं ____________।

4- ____________ धावन्ति।

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- हेमलता गुप्ता प्रा वि मुकन्दपुर, अलीगढ़

विषय- हिन्दी | पाठ- गांधी जी की आत्मकथा | कक्षा - IV

प्रकरण- जब मैं पढ़ता था | क्रमांक- 10

# मिशन शिक्षण संवाद

***जब कोई व्यक्ति अपने जीवन की कहानी को स्वयं लिखकर प्रस्तुत करता है, उसे आत्मकथा कहते हैं। प्रस्तुत पाठ को महात्मा गांधीजी की आत्मकथा से लिया गया है। पाठ में महात्मा गांधी जी के बचपन के बारे में बताया गया है कि वो बचपन में कैसे थे –***

मेरे पिता करमचंद गांधी राजकोट के दीवान थे। सत्यप्रिय साहसी और उदार व्यक्ति थे। ये सदा न्याय करते थे।

मेरी माता जी का स्वभाव बहुत अच्छा था। व धार्मिक विचारों की महिला थीं। पूजा-पाठ किए बिना भोजन नहीं करती थीं। 2 अक्टूबर सन् 1869 ई० को पोरबन्दर में मेरा जन्म हुआ। पोरबंदर से पिता जी जब राजकोट गए मेरी उम्र सात वर्ष की रही होगी। पाठशाला से फिर ऊपर स्कूल में और वहाँ से हाईस्कूल में गया। मुझे यह याद नहीं है कि मैंने कभी भी किसी शिक्षक या किसी लड़के से झूठ बोला हो। मैं बहुत संकोची था। एक बार पिताजी श्रवण-पितृभक्ति नामक पुस्तक खरीद कर लाए। मैंने उसे बहुत शौक से पढ़ा। उन दिनों बाइस्कोप में तस्वीर दिखाने वाले लोग आया करते थे। तभी मैंने अंधे माता-पिता को बहँगी पर उठाकर ले जाने वाले श्रवण कुमार का चित्र देखा। इन बातों का मेरे मन पर बहुत प्रभाव पड़ा। मैने मन ही मन तय किया कि मैं भी श्रवण की तरह बनूँगा। मैंने सत्य हरिश्चन्द्र नाटक भी देखा था। बार-बार उसे देखने की इच्छा होती। हरिश्चंद्र के सपने आते। बार-बार मेरे मन में यह बात उठती थी कि सभी हरिश्चंद्र की तरह सत्यवादी क्यों न बनें? यही बात मन में बैठ गई कि चाहे हरिश्चंद्र की भाँति कष्ट उठाना पड़े, पर सत्य को कभी नहीं छोड़ना चाहिए।



***<u>मोहनदास करमचंद गांधी</u>***

बापू और राष्ट्रपिता के नाम से पुकारे जाने वाले महात्मा गांधी के नेतृत्व में हमारा राष्ट्र स्वतंत्र हुआ। इनकी दृष्टि में सभी मनुष्य एक परमात्मा की संतान हैं और बराबर हैं। बापू ने जाति-पाँति ऊँच-नीच या धर्म के आधार पर किए जाने वाले भेदभाव को व्यर्थ बताया।

### अभ्यास प्रश्न–

(1) गांधी जी के पिता जी का क्या नाम था?
(2) गांधी जी की माता जी कैसे विचारों की महिला थी ?
(3) गांधी जी का जन्म कब हुआ था?
(4) गांधीजी ने बचपन में कौन सी पुस्तक पढ़ी?
(5)गांधी जी ने बचपन में कौन सा नाटक देखा था?

## उत्तर माला क्रमांक-9

### अभ्यास कार्य

वर्ग पहेली का हल–
बाएं से दाएं- सुमन, हरि, पुष्प,वृक्ष, धनुष,
ऊपर से नीचे- दिल्ली, रवि, कमल, दया, गंगा

उ.1- संज्ञा शब्द
(क) रमेश,साइकिल,स्कूल
(ख) बगीचे,फूल,प्रसन्नता
(ग) अनूपमा,रेलगाड़ी,इलाहाबाद, कार्यक्रम,गीत
(घ) मोहन,मित्र,घर

उ.2- इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि पानी जीवन के लिए अनमोल है हमें इसे व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए और पक्षियों आदि के लिए छत पर या आंगन में पानी की व्यवस्था करनी चाहिए।

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- पूनम गुप्ता,अलीगढ़ व जितेंद्र कुमार,बागपत



चिड़िया

विषय- चित्रकला पाठ- कक्षा -IV,V

प्रकरण- चित्रण व रंग क्रमांक -



## मिशन शिक्षण संवाद

# आओ बच्चों चिडिया बनाकर रंग भरें।



मिशन शिक्षण संवाद

# अंतिम रंगीन चित्र कॉपी पर बनायें।

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- नीरा चौहान प्रा०वि०फुगाना-2,मुजफ्फरनगर

**विषय-** चित्रकला **पाठ-** डॉल्फिन **कक्षा** -IV,V

**प्रकरण-** चित्रण व रंग **क्रमांक** -

**मिशन शिक्षण संवाद**

# आओ बच्चों डॉल्फिन बनायें।



**केवल अंतिम रंगीन चित्र कॉपी मे बनायें।**

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- नीरा चौहान प्रा०वि फुगाना–2मुजफ्फरनगर

9458278429

| विषय- चित्रकला | पाठ- डव | कक्षा -III, IV |
|---|---|---|
| प्रकरण- चित्रण, रंग | | क्रमांक - |

**मिशन शिक्षण संवाद**

# आओ बच्चों डव बनायें।



## केवल अंतिम रंगीन चित्र कॉपी पर बनाना है।

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- नीरा चौहान प्रा०वि०फुगाना-2,मुजफ्फरनगर